卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिंधो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 294 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦5 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कोचिंग सेंटर हादसे पर सुप्रीम कोर्ट का केन्द्र और दिल्ली सरकार को नोटिस

**सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान,कहा डेथ चेंबर बन गये हैं कोचिंग सेंटर**



नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। राजेंद्र नगर में राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन आईएएस अभ्यर्थियों की मौत के मामल में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (डब्) को भी नोटिस जारी किया है। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कोचिंग सेंटर डेथ चेंबर बन गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानदंडों से संबंधित मुद्दे पर स्वत: संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग संस्थानों में हाल ही में हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जिसमें युवा उम्मीदवारों की जान चली गई।सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी से पूछा कि अब तक क्या सुरक्षा मानदंड निर्धारित किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घटना ने आंखें खोल दी, किसी भी संस्थान को तब तक संचालित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि वे सुरक्षा मानदंडों का पालन न करें। कोर्ट ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए उम्मीदवारों के जीवन के साथ कोचिंग सेंटर खिलवाड़ कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली कोचिंग सेंटर में हुई मौतों का स्वत: संज्ञान लेते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## चिनूक और एमआई–17 से यात्रियों को किया रेस्क्यू

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम व पैदल मार्ग से अब तक दस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों व स्थानीय लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। सोमवार को केदार घाटी का मौसम साफ होने के साथ ही एमआई 17 और चिनूक से एयर लिफ्ट रेस्क्यू का कार्य शुरू हो गया है। एमआई चारधाम हेलीपैड पर यात्रियों को उतार रहा है। जबकि चिनूक गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतार रहा है। सुबह 09 बजे तक 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई एवं चिनूक व छोटे हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किए जा चुके हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)



## मधु मक्खियों के हमले से एक की मौत

हल्द्वानी । खेत में काम करने के दौरान एक अधेड़ पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया जिसमें वह जख्मी हो गया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए डा. सुशीला तिवारी चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि चोपड़ा तल्लीताल नैनीताल निवासी भीम सिंह पुत्र धन सिंह खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए हल्द्वानी स्थित एसटीएच लेकर पहुंचे जहां पर उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## हजारों की नगदी सहित छह जुआरी दबोचे

हल्द्वानी। पुलिस साहूकारा लाईन की छत पर जुआ खेल रहे छह जुआरियों को धर दबोचा। उनके पास से हजारों रूपए की नगदी और ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।मंगलपड़ा चौकी पुलिस को कारखाना बाजार क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि साहूकारा लाईन में एक मकान की छत पर जुआ खेला जा रहा है जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छह जुआरियों को धर दबोचा। पकड़े गए जुआरियों में हरीश बोरा पुत्र दीवान बोरा निवासी गौलापार कालीचौढ़, राकेश पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी गली नंबर 8 रामपुर रोड हल्द्वानी, नजाकत हुसैन पुत्र शकावत हुसैन निवासी इंद्र नगर बड़ी मस्जिद के पास थाना बनभूलपुरा, मोहमद असद पुत्र फिरोज अहमद निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## अगवा बहनों की बरामदगी के लिए ट्रांजिट कैम्प थाने में प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बहला फुसलाकर घर से अगवा की गई दो बहनों की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर आज परिजनों ने बजरंगदल तथा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ ट्रांजिट कैम्प थाने के समक्ष प्रदर्शन किया। परिजनों ने बताया कि इस संदर्भ में पूर्व में रपट दर्ज कराई गई थी परंतु पुलिस अभी तक उनकी पुत्रियों को बरामद नहीं कर सकी है। जिससे पुत्रियों के जीवन की खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगवा बहनों के पिता उमेश पुत्र स्व. बैजनाथ वार्ड 8, ट्रांजिट कैन्प ने बताया कि 19 जुलाई को उसका परिवार रोज की भांति भोजन कर रात में सो गए। अगले दिन 20 जुलाई को मध्य रात्रि लगभग 2:30 बजे देखा कि उसकी दो बेटियां घर से गायब थी । काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसकी दोनों बेटियों को पंकज जो अपने मामा बबलू के निवास स्थान भूतबंगला में रहता है उसकी बेटियों को अपने साथ ले गया है। साथ ही उसे सोमिन व सोभित नाम के दो लडके जोकि शिवनगर में रहते (शेष पृष्ठ सात पर)





## एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चुंगी पर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान सरकार का पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि बागेश्वर में एन एस यू आई से छात्र संघ अध्यक्ष राहुल कुमार एवं जिला अध्यक्ष कमलेश गडिया बागेश्वर महाविद्यालय में दूसरे संगठन द्वारा किए गए कार्यों का विरोध किया गया जिस पर बागेश्वर प्रशासन द्वारा उक्त दोनों छात्रों नेताओं पर (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

## गंदे पानी की आपूर्ति पर जल निगम अधिकारी को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की सुभाष कालोनी में पिछले करीब दो वर्षों से गंदे पानी की आपूर्ति किये जाने के विरोध में आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में कालोनी वासियों ने जल निगम कार्यालय पहुंचकर सहायक अभियंता ललित मोहन पाण्डे का घेराव किया। जुनेजा ने कहा कि जल निगम द्वारा पिछले दो वर्षों से सुभाष कालोनी में गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। जो विभाग की भ्रष्ट कार्यप्रणाली और लापरवाही का जीता जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की आपूर्ति कर विभागीय अधिकारी कालोनी के लोगों जिनमें हर आयु वर्ग के लोग हैं के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को एसी रूम से बाहर आकर कालोनियों में भ्रमण कर आपूर्ति किये जा रहे पानी को देखना चाहिए। गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर पूर्व में भी कई बार विभाग को आगाह किया जा चुका है लेकिन अधिकारी जनता की आवाज सुनने को राजी नहीं हैं। जुनेजा ने कहा कि यदि सुभाष कालोनी सहित नगर की सभी कालोनियों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं की गई तो विभाग के खिलाफ व्यापक आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा । जिसकी जिम्मेवारी अधिकारियों की होगी। श्री पाण्डे ने आश्वस्त (शेष पृष्ठ सात पर)



## सहकारी समिति कर्मियों ने शुरू किया बेमियादी धरना प्रदर्शन

**वार्ता को पहुंचे अधिकारियों से मांगा लिखित समाधान**



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल उधमसिंह नगर के कर्मचारियों ने आज से गांधी पार्क में बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान वार्ता को पहुंचे अधिकारियों से वार्ता के बाद मांगा यूनियन के पदाधिकारियों ने लिखित रूप में समाधान पत्र मांगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों जिनमें समायोजित कर्मचारियों की नियुक्ति निरस्त कर समायोजित किये गये कर्मियों को बहाल करने, वरिष्ठ कर्मियों को समिति सचिव पद का अतिरिक्त दायित्व सौंपने, निबंधक के आदेश का पालन करवाने, धान व गेहूं खरीद का कमीशन व वारदाना का भुगतान समितियों को करने, 40 प्रतिशत ब्याज की धनराशि समितियों को देने, सेवानिवृति से पूर्व सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के सभी देयकों का भुगतान करने आदि मांगें शामिल हैं के समाधान के लिए पिछले काफी समय से आन्दोलित हैं। लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर टाला जा रहा है। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी न्यायोचित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आन्दोलन और तेज करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों की होगी। इस दौरान प्रकाश जोशीख राजवीर यादव, शुभम त्यागी, (शेष पृष्ठ सात पर)

## जल निकासी के लिए खोले जा रहे नाले का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के साथ प्रशासन, एनएचएआई, नगर निगम और लोनिवि के अधिकारियों ने जलभराव से निपटने के लिए खोले जा रहे नाले के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि नाले की निकासी सुचारू होने से शहर में काफी हद तक जलभराव से निजात मिल जायेगी। बता दें जरा सी बारिश के बाद शहर के मुख्य बाजार, सिविल लाईन डीडी चौक क्षेत्र में जलभराव हो जाता है। जिससे आवागमन बाधित होने के (शेष पृष्ठ सात पर)



# पांचवे दिन चिनूक हेलिकॉप्टर ने भरी उड़ान

## ❑केदारघाटी में आर्मी के जवानों ने संभाला मोर्चा,यात्रा पड़ावों पर रेस्क्यू और सर्च अभियान तेज
## ❑भीमबली, लिनचोली, चीरबासा और गौरीकुंड से 10,374 यात्रियों को सकुशल रेस्क्यू किया




देहरादून/ रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदार घाटी का मौसम साफ होने के साथ ही आज एमआई 17 और चिनूक से भी एयर रेस्क्यू शुरू हो गया है। एमआई 17 चारधाम हेलीपैड पर यात्रियों को उतार रहा है जबकि चिनूक गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतार रहा है। आज प्रात: 9 बजे तक लगभग 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई 17 एवं चिनूक व छोटे हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट किया जा चुका है। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रेस्क्यू व सर्च अभियान पांचवे दिन भी युद्धस्तर जारी है। रविवार देर शाम तक स्निफर डॉग की मदद से सर्च अभियान जारी रहा। लिनचोली से रामबाड़ा क्षेत्र तक सर्च अभियान पूरा किया जा चुका है जिसमें अब तक किसी व्यक्ति के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। आज प्रात: 100 लोगों को सुरक्षा बलों की देखरेख में श्री केदारनाथ धाम से लिनचोली हेलीपैड के लिए रवाना कर दिया गया है। इन यात्रियों को लिनचोली से एयर लिफ्ट कर शेरसी हेलीपैड पर उतारा जाएगा। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीमें जंगल एव मंदाकिनी नदी के आसपास भी लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं। रविवार को सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण अवस्थापना को भारी क्षति पहुंची है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा इस आपदा के कारण केदारनाथ तथा केदारनाथ यात्रा मार्ग पर फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए पूरी क्षमता के साथ खोज बचाव तथा राहत कार्य कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में रेस्क्यू तथा खोज व बचाव का कार्य लगातार जारी है। केदारनाथ तथा रास्ते में ऊपर की ओर लगातार घने बादल छाये हैं। इस कारण रेस्क्यू कार्य में लगातार व्यवधान हो रहा है। भारतीय वायुसेना द्वारा उपलब्ध कराया चिनूक हेलीकॉप्टर और एमआई-17 हेलीकॉप्टर द्वारा खराब मौसम के कारण उड़ान नहीं भर पाये थे। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा छोटे हेलीकॉप्टरों से रेस्क्यू का कार्य किया जा रहा है। लगभग 400 लोगों को श्री केदारनाथ से लिंचोली तक पैदल लाया गया। लिंचोली से उन्हें हेलीकॉप्टर से चारधाम हेलीपैड, सिरसी हेलीपैड आदि स्थानों पर लाया गया है। वर्तमान में रेस्क्यू कार्य हेतु 05 हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं। लिंचोली तथा भीमबली से लगभग 560 तथा केदारनाथ से 80 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। श्री केदारनाथ धाम से 138 लोगों को लिंचौली और भीमबली से 2409 तथा चीड़बासा (गौरीकुण्ड) से 75 लोगों को एयरलिफ्ट कर चारधाम हेलीपैड व सिरसी हेलीपैड आदि स्थानों पर लाया गया है। भीमबली तथा लिंचोली से पैदल मार्ग से अब तक कुल 567 लोगों को चौमासी कालीमठ तक लाया गया है। इसी प्रकार गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग तक कुल 7185 लोगों को वापस लाया गया है। इस प्रकार अब तक कुल 10,374 लोगों को वापस लाया गया है। वर्तमान में गौरीकुण्ड से सभी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। गौरीकुण्ड में कोई भी यात्री शेष नहीं है। वर्तमान में वहां पर रहने वाले स्थानीय निवासी, दुकानदार, डोली पालकी संचालक, घोड़े खच्चर संचालक आदि रह रहे हैं। वर्तमान में भीमबली तथा लिंचोली से भी अधिकांश यात्रियों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। वर्तमान में लिंचोली में लगभग 50 यात्री रुके हैं। वर्तमान में श्री केदारनाथ धाम में लगभग 350 यात्री रुके हुए हैं। श्री केदारनाथ ध ाम में लगभग 350 यात्रियों के अलावा तीर्थ पुरोहित, स्थानीय दुकानदार, स्थानीय निवासी, पालकी डोली संचालक, घोड़े खच्चर संचालक आदि भी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर केदारघाटी में विभिन्न स्थानों पर रुके लोगों को खाने पीने की समुचित व्यवस्था कराई जा रही है। उनके रुकने हेतु आश्रय की व्यवस्था की जा रही है।



वर्तमान में श्री केदारनाथ जी में 15 से अधिक दिनों हेतु खाद्य सामग्री उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में खोज-बचाव तथा राहत कार्यों में मानव शक्ति बढ़ायी गई है। दिनांक 03 अगस्त तक खोज व बचाव तथा राहत कार्य में कुल 882 लोग कार्यरत थे। आज इसमें और 278 लोगों को बढ़ाया गया है। इसके साथ ही अब खोज-बचाव तथा राहत कार्य में कुल 1160 लोग कार्य कर रहे हैं। अतिवृष्टि के कारण श्री केदारनाथ जी, गौरीकुण्ड तथा केदारनाथ गौरीकुण्ड पैदल यात्रा मार्ग पर दूरसंचार सेवाएं बाधित हुई थी। इस कारण कुछ लोगों द्वारा इस बारे में कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थी। दिनांक 02 अगस्त से श्री केदारनाथ जी में व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल करने की सुविधा दी गयी है। गौरीकुण्ड में दूरसंचार सेवा बहाल कर दी गयी थी। जिन लोगों से सम्पर्क नहीं होने की बात की जा रही थी, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया। दिनांक 03 अगस्त को पुलिस द्वारा सम्पर्क किये जाने पर अधिकांश लोगों से संपर्क हो गया है। पुलिस द्वारा लगातार अन्य लोगों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का यात्रा करने वाले उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया है तो वह जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा जारी किए गए दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर अपने परिजनों की जानकारी ले सकते हैं। हेल्पलाइन नं.- लैंडलाइन 01364-233727, 297878ए 297879, मोबाइल- 7579257572, 89587 57335, 7579104738 । बता दें कि अधिकांश लोगों से संपर्क हो चुका है, फिर भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर एहतियातन गौरीकुण्ड से केदारनाथ यात्रा मार्ग पर वृहद स्तर पर खोजबीन की जा रही है। खोज-बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, प्रशासन तथा यात्रा मैनेजमेण्ट टास्क फोर्स के लोगों को लगाया गया है। इनके द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है। इस कार्य हेतु स्निफर डॉग की भी मदद ली जा रही है। वहीं, सोनप्रयाग में क्षतिग्रस्त शटल ब्रिज के संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सेना से मदद का अनुरोध किया गया। आज से सेना के 141 जवानों ने सोनप्रयाग में ट्राली लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सोनप्रयाग में ट्राली लगाने हेतु सेना के साथ-साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ भी सहयोग कर रहे हैं। आपदा की इस घड़ी में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी का पशु प्रेम भी सामने आया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में पूरे केदारघाटी में घोड़े तथा खच्चरों हेतु पर्याप्त मात्रा में चारा चना, गुड़ आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। हेलीकॉप्टर से भी पशुओं के लिए चारा आदि भेजा गया है। पशु चिकित्सा विभाग की 7 टीमें यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर भेजी गयी है जो पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है तथा आवश्यकता के अनुसार पशुओं का इलाज कर रही है। वहीं, रेस्क्यू के दौरान तथा रेस्क्यू के उपरान्त रेस्क्यू किए गए व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने की व्यवस्था की गई है। ताकि किसी भी यात्री को स्वास्थ्य संबंध ी परेशानी होने पर समय पर समुचित इलाज दिया जा सके। वर्तमान में चारध ाम यात्रा मार्ग पर तथा केदारनाथ धाम में स्थिति सामान्य है। यात्रामार्ग पर तथा श्री केदारनाथ धाम में सभी लोग पुरी तरह से सुरक्षित हैं। राहत एवं बचाव कार्य पूरी क्षमता के साथ किया जा रहा है।








# निकाय चुनाव व संगठन की मजबूती पर की चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊँ मण्डल एवं नैनीताल जिले के समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष शम्भू प्रसाद पोखरियाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। जिसमें विशिष्ठ अतिथि प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी, उपाध्यक्ष सुरेश परिहार उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एसके राय व प्रदेश महचसचिव संजय सिंह उपस्थित रहे। बैठक में निकाय चुनाव तथा संगठन की मजबूती पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य पहाड़ के मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर तय किया गया। निकाय चुनाव में समस्त उत्तराखण्ड की सभी सीटों पर चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी मतीन सिद्दीकी एवं प्रदेश अध्यक्ष शम्भु प्रसाद पोखरियाल के देखरेख में व नैनीताल जनपद की सभी सीटे सुरेश परिहार, संजय सिंह, जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, ऊधम सिंह नगर व कुमाऊँ के अन्य जनपदों की सभी सीटो के लिये ओशियन यादव, मो. नदीम अख्तर, ललित भट्ट, भगवती प्रसाद त्रिकोटी, सुरेंद्र गुरंग, मिकरानी, राजू यादव, श्रीमती बीना किशोर, श्रीमती जया ठाकुर, दीपा बुटोला , श्रीमती हीना यादव आदि के नेतृत्व को सौपते हुए मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध किया। प्रदेश अध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष ने कहा निकाय चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पूरी मजबूती से लड़ा जायेगा। साथ ही सदस्यता अभियान में भी तेजी आएगी। इसके लिए कुमाऊँ से आये हुए सभी लोगों को अलग अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी जाएगी। मंच संचालन संजय सिंह ने किया।



# गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में सजाए धार्मिक दीवान

गदरपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सीमा पर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाब गंज में सावन मास /जुलाई महीने की अमावस्या के अवसर पर गुरमत समागम आयोजित किए गये । श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत हजूरी रागी भाई हरजीत सिंह ने शब्द कीर्तन में अनंद भया मेरी माए सतगुरु मैं पाया गायन करने के साथ संगत को निहाल किया किया। कथावाचक भाई जसवीर सिंह द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब जी के परिचय तथा गुरु शबद की कथा के उपरांत संगत को गुरबाणी के आधार पर अपने जीवन को संवारने का आहवान किया गया । मोरिंडा पंजाब से आए ढाढी जत्था भाई मनजीत सिंह बाठ द्वारा गुरु इतिहास एवं शहीदों मैं महान जरनैल भाई विचित्र सिंह की शहीदी गाथा का वर्णन किया गया । कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंह शौंकी द्वारा शहीद उधम सिंह का शहीदी इतिहास श्रवण कराकर संगत को धर्म एवं इतिहास के प्रति जागरूक किया।भाई नरेंद्र सिंह और हरविंदर सिंह द्वारा कथा करने के साथ भाई राम सिंह द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया । इस अवसर पर दूर दराज से आई हजारों की संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका तथा पवित्र सरोवर मैं स्नान करके गुरु का लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। कार सेवा के भाई गुरमीत सिंह द्वारा सभी संगत का धन्यवाद करते हुए गुरमत सिद्धांतों पर चलकर गुरु की कृपा के पात्र बनने का आहवान किया गया ।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# स्कूटी से टक्कर मारने पर कांवड़ियों ने काटा हंगामा

रुद्रपुर। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये को किच्छा हाईवे पर स्कूटी ने मार दी। हादसे में कांवड़िया चोटिल हो गया और कांवड़ खंडित हो गई। इससे नाराज कांवड़ियों ने हाईवे पर हंगामा कर जाम लगाने की कोशिश की।कांवड़ियों के हंगामे से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। एसपी सिटी के समझाने के बाद हरिद्वार से गंगाजल मंगवाने के आश्वासन पर कांवड़िये शांत हुए। रविवार रात हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों की टोलियां किच्छा की ओर जा रही थी। नेशनल हाईवे पर राधा स्वामी सत्संग भवन से आगे गलत दिशा में आ रही स्कूटी ने बहेड़ी निवासी एक कांवड़िये को टक्कर मार दी। इसमें कांवड़िया जख्मी हो गया और कांवड़ जमीन पर गिर गई। स्कूटी सवार को भी चोटें आ गई। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने हंगामा खड़ा कर हाईवे को जाम करने की कोशिश की। कांवड़ियों के हंगामे से हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया। सूचना पर सीओ सिटी निहारिका तोमर, कोतवाल मनोहर सिंह दसोनी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कांवड़ियों को समझाने की कोशिश की। कांवड़ियों का कहना था कि स्कूटी सवार ने कांवड़िये को गलत दिशा में आकर टक्कर मारी है। हरिद्वार से लाई कांवड़ खंडित हो गई है। अब हरिद्वार से गंगाजल लाया जाए। सूचना पर एसपी सिटी मनोज कत्याल मौके पर पहुंचे। उन्होंने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने का आश्वासन दिया और वीडियो काल से हरिद्वार में मौजूद कर्मियों से बात भी कराई। उन्होंने चुटकी देवरिया स्थित मंदिर में कांवड़ियों के लिए रात में रुकने की व्यवस्था कराए और गंगाजल आने तक वहां आराम करने का आग्रह किया। इसके बाद कांवड़िए शांत होकर वहां से आगे बढ़ गए। एसपी सिटी ने बताया कि कांवड़ियों को समझा दिया गया है।


गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015


# भाजपा नेता सामंती की जयंती पर किया पौधारोपण

## चुघ और शर्मा के नेतृत्व में वार्ड 19 में पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी वीरेंद्र सिंह सामंती की जयंती पर भाजपाइयों ने वार्ड नंबर 19 में पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ और वर्तमान पार्षद और प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता वार्ड में पहुंचे। जहां उन्होंने स्वर्गीय सामंती की स्मृति में श्एक पेड़ दोस्त के नामश पौधारोपण किया ।वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा की वीरेंद्र सिंह सामंती पार्टी के सच्चे सिपाही थे और भारतीय जनता पार्टी में महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष पद पर रहे ।इसके अलावा वह रुद्रपुर मंडी समिति के अध्यक्ष भी रहे ।उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सामंती सदैव समाज के छोटे से लेकर बड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते थे। सामाजिक कार्यों के अलावा वह ध ार्मिक और राजनीतिक कार्यों में भी सक्रिय रहते थे ।उन्होंने भाजपा में रहते हुए युवाओं की टीम खड़ी की थी। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र मैं बेहद लोकप्रिय थे और युवाओं में उनकी गहरी पैठ थी ।पार्टी हित को लेकर युवाओं की टीम सदैव उनके साथ खड़ी होती थी और उनके नेतृत्व तुम्हें रुद्रपुर ही नहीं बल्कि आसपास के गांव में भी भाजपा को मजबूत किया गया था। लेकिन काल के क्रूर हाथों ने असमय उन्हें छीन लिया ।ऐसे में आज उनकी स्मृति पर पौध ारोपण किया गया है। इस दौरान बिट्टू शर्मा, पवन शर्मा, संदीप अवस्थी, नारायण जोशी, गौरव शर्मा, ओमकार पाठक, हरदेव सिंह, नीलकंठ राणा, राज कोली आदि मौजूद थे।



# बंटवारे की विभीषिका से प्रभावित परिवारों को किया जाएगा सम्मानित: राजेश शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान विभाजन की विभीषिका झेल चुके लोगों को 14 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में नगर के तमाम गण मान्य लोगों की बैठक की गई जिसमें तय किया गया कि 14 अगस्त 1947 को भारत पाकिस्तान के बंटवारे की विभीषिका से प्रभावित परिवारों को सम्मानित किया जाएगा जो कि बंटवारे के दौरान अपना सब कुछ छोड़कर भारत चले आए थे और यहां आकर क्षेत्र को आवाद कर पुन: अपने को स्थापित किया। यहां बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रध ानमंत्री द्वारा बंटवारे के दौरान प्रभावित उन सभी बुजुर्गों को सम्मानित करने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जो कि बंटवारे के दौरान अपना सब कुछ छोड़कर भारत चले आए थे उन्होंने कहा कि बंटवारे की त्रासदी खेलने वाले सभी सेनानी है और वीर योद्धा है जिनका 70 सालों से कोई सम्मान नहीं मिल पाया है अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बंटवारे की तरह से झेलने वाले सभी योद्धाओं को सम्मानित कर किया जाएगा तथा 14 अगस्त को बंटवारे की त्रासदी से संबंधि त डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी ताकि लोगों को अपनी बेटी हुई इतिहास की जानकारी हो सके और नई पीढ़ी को भी अपने इतिहास को अवश्य जानना चाहिए अतीत नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंटवारा की त्रासदी के दौरान जिन लोगों ने इस क्षेत्र को बसाया है वह एक पुरुषार्थी ही कर सकता है जंगलों को काटकर फिर से लह लहाते खेत खलियान बनाए हैं यह उनकी प्रेरणा का है सूत्र है। उन्होंने कहा कि यह प्रथम बैठक है तथा द्वितीय बैठक में कार्यक्रम को विस्तार रूप दिया जाएगा जिसमें सभी विस्थापित परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा और उनमें से सर्वाधिक बुजुर्ग लोगों को सम्मानित करने के लिए सूची तैयार की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल ,प्रमोद ठुकराल, संदीप अरोड़ा, अवतार सिंह ,राज तनेजा, सुभाष तनेजा, प्रवीण रहेजा ,ओम तनेजा सहित दर्जन लोग मौजूद थे।



# भूमण शाह के डेरे पर पहुंचे भगतदा

गदरपुर(उद संवाददाता)। विध ानसभा स्थित प्रसिद्ध आस्था का केंद्र बाबा भूमणशाह डेरे पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शहीद उधम सिंह कंबोज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत वृक्षारोपण कर आयोजित सभा को संबोधि त करते हुए भगत सिंह कोश्यारी ने ग्रामवासियों से बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कर प्रकृति की सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम वासियों को तीन वृक्ष आरोपित करने चाहिए एक अपनी मां के नाम दूसरा भारत मां के नाम तीसरा ध रती मां के नाम।भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि सरदार शहीद उधम सिंह कंबोज जी प्रत्येक युवा के लिए एक आदर्श है जिनके पदचिन्हो पर चलकर राष्ट्रसेवा एवं राष्ट्रभक्ति कि भावना को परिभाषित किया जा सकता है। इस अवसर पर किशन कंबोज, कश्मीर कंबोज,टेकचंद कंबोज,सुरेश कंबोज, गुरदयाल सिंह,संदीप कंबोज, कुलदीप कंबोज,शिवम त्रिपाठी,सतनाम दास,भगवान दास,प्रीतम कंबोज,सुरजीत सिंह, गुरदेव सिंह, अमित कंबोज, किरपाल सिंह, हाकम कंबोज, मक्कन कंबोज, कुलदीप कंबोज मंगत कंबोज, महेंद्र कंबोज, बलबीर सिंह, मनजीत सिंह,परमजीत सिंह, कपिल कुमार, आकाश, विकास कंबोज, योगेश कुमार,शिवम खुराना ,कुनाल रस्तोगी, सुनील कुमार,राजेश कंबोज मौजूद थे।




# खुराना के निवास पर कोश्यारी का जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के घर पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने पहुंचकर भाजपा एवं अन्य संगठन के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने स्वागत करते हुए कहा कि जन-जन के प्यारे हिमालय पुत्र भगत सिंह कोश्यारी का मेरे निवास पर आना अत्यंत सुखदायक है। इस अवसर पर भाजपा नेता मिनी गुंबर एवं भोला शर्मा,किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िआ,मंडल महामंत्री अनिल जेटली एवं अभिषेक वर्मा,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बहेड, परमजीत सिंह पम्मा, कपिल कुमार,अभिषेक गुंबर, पवन खुराना, सतीश चुग, जगदीश, अरविंद पाल,राजेश हितकारी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा,कुलबीरी चौधरी,पूनम महाजन,मानसी शर्मा,मुस्कान चावला,आकाश कोचर,तनीषा चावला,शिवम त्रिपाठी,सुरेश कंबोज,हरीश रलहन, हरलोक नामधारी,नवीन खेड़ा,रिंकू कंबोज,प्रकाश, बाबू सिंह तोमर,रविंद्र बजाज, निर्मल नारंग सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर होंगे कार्य : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आई.एस.बी.टी. के निकट एक होटल में अमर उजाला द्वारा आयोजित संवाद उत्तराखण्ड 'विकास की बात' कार्यक्रम में कहा कि राज्य में समान नागरिक





संहिता राज्य स्थापना दिवस से पूर्व लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य ग्रॉस एन्वायरमेंट प्रोडक्ट (जी.ई.पी) की दिशा में आगे बढ़ा है। जल, जमीन, जंगल और हवा को समाहित कर जीईपी सूचकांक बनाया गया है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के शहरों की धारण क्षमता का आंकलन किया जा रहा है। धारण क्षमता के हिसाब से उनका सुनियोजित विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी राज्यों के लिए प्रत्येक वर्ष मानसून का समय चुनौतीपूर्ण रहता है। प्राकृतिक आपदाओं की समस्याओं से जूझना पड़ता है। श्री केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर अनेक स्थलों पर मलबा आने की वजह से यात्रा मार्ग बाधित हुआ है। श्रद्धालुओं को श्री केदारनाथ से सुरक्षित लाने का कार्य जारी है। 17 हजार यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है।केदारनाथ यात्रा मार्ग के प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के रेस्टोरेशन के लिए गढ़वाल आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सचिवों को वहां कैम्प करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हरेला पर्व से एक माह तक व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवधि में 01 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने अपनी मां के नाम से वृक्षारोपण किया और उनकी मां ने भी अपनी मां के नाम वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में उत्तराखण्ड को देश में प्रथम स्थान मिला है। इसे बनाये रखना हमारे लिए चुनौती भी है। जिन इन्डीकेटर पर राज्य को और सुधार की आवश्यकता है उनको भी बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 'डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड' के तहत 03 लाख 54 हजार करोड़ के एम.ओ.यू हुए हैं। इसमें से 77 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग शुरू हो चुकी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में जाम की समस्या के समाधान के लिए रिंग रोड और बाईपास के निर्माण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में देहरादून में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऊर्जा की संभावनाओं को बढ़ाने की दिशा में भी तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा को राज्य में तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। पीएम सूर्यघर योजना का भी राज्य को आने वाले समय में काफी लाभ होगा।उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाए जाने का कार्य निरंतर चलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में हैं। बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा पलायन को रोकने के लिए काफी कारगर हैं। इस दिशा में सरकार द्वारा हर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना का राज्य को काफी लाभ मिलेगा। पहले जिन गांवों को भारत का अंतिम गांव माना जाता था। प्रधानमंत्री ने माणा गांव को पहले गांव की संज्ञा दी थी। इन गांव का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश आने के बाद वहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद से सभी परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता से सम्पन्न हुई हैं। 10 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को इस कानून के लागू होने के बाद नौकरी मिल चुकी है। राज्य में नकल माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की गई।

## घोड़ाखाल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किए गोलू देवता के दर्शन

नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को घोड़ाखाल पहुंचे। जँहा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धामी का फूल- मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने गोलू देवता के दर्शन पूजा पाठ कर राज्य और देश की सुख शांति, समृद्धि की कामना की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदारनाथ में पूजा अर्चना करते हुए कहा था कि राज्य में तेज गति से हो रहे आधारभूत सुविधाओं के विकास और राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों को देखते हुए 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। उसी कथन के आधार पर आज राज्य में विकास कार्य और हर वर्ग और गांव के अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ देना सरकार की प्राथमिकता है। कहा कि विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की मदद से लोगों को नई योजनाओं और समस्या का समाधान घर बैठे मिल रहा है। बताया कि राज्य के संवेदनशील इलाकों में प्राकृतिक आपदा आ रही है। लेकिन जिला प्रशासन की टीम लगातार राहत और बचाव के कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है। प्रशासन की टीम द्वारा भी आपदा के बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। आपदा में फंसे लोगों या प्रभावितों के स्वास्थ्य, भोजन पानी या अन्य सुविधा दी जा रही है। राहत और बचाव कार्य जारी है। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने वन विभाग और पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिल कर एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौध रोपण किया। कहा कि हर किसी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध रोपण करना जरुरी है। उन्होंने सभी से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधेरोपण करने की अपील की। इस दौरान मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल डब्बू, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा, मंडल अध्यक्ष पंकज अद्विती, शिवांशु जोशी, डी एफ ओ चंद्र शेखर जोशी, टी आर बीजूलाल समेत पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिवालयों में जलाभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर आज भी नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में प्रातः से ही हजारों की संख्या में शिव भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को उमड़ पड़े। उन्होंने विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। आज अनेक मंदिरों में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवड़ियों द्वारा भी जलाभिषेक किया गया। सभी शिवालय घंटियों की मधुर ध्वनि और भगवान शिव शंकर के जयघोषों से गुंजायमान होते रहे। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री अर्पित करने के साथ जलाभिषेक कर पूजा



अर्चना की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, संजय नगर, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं थीं। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के कई स्टॉल सजे हुए थे।








# स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता में बिखरे सुरों के रंग

**सेमीफाईनल में 39 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा, 15 प्रतिभागियों का फाईनल के लिए हुआ चयन, आज शाम होगा फाईनल मुकाबला**



रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का सेमीफाईनल राउण्ड रूद्रा होटल में आयोजित किया गया। तीन ग्रुपों में ऑडीशन से सेमीफाईनल में पहुंचे 39 प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। फाईनल के लिए तीनों ग्रुपों से पांच पांच प्रतिभागियों को चुना गया। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता के लिए पिछले दिनों सैकड़ों बच्चों ने ऑडीशन दिया था। ऑडीशन में सीनियर जूनियर और सब जूनियर तीन ग्रुपों से सेमीफाईनल के लिए कुल 39 प्रतिभागियों को चुना गया। इन प्रतिभागियों का सेमीफाईनल राउण्ड रविवार को रूद्रा होटल में हुआ। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि आर ए एन पब्लिक स्कूल के स्वामी रिटायर्ड विंग कमांडर एच के राय एवं विशिष्ट अतिथि शील चांद एग्रो ऑइल्स के स्वामी मोहन गोयल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एच के राय ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए संयोजक केवल कृष्ण बतरा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोक रचना समिति द्वारा प्रतिभाओं को मंच देकर आगे बढ़ाने का काम पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के अंदर कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है जरूरत है उस प्रतिभा को पहचानने की। छोटे छोटे मंचों से ही प्रतिभाएं आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि इस मंच से निकली प्रतिभाओं ने बड़े बड़े टीवी शो में पहुंचकर शहर का नाम रोशन किया है। आज प्रतिभायें इस प्रतियोगिता में पहुंची है वह भी निश्चित ही एक दिन शहर का नाम रोशन करेंगी। प्रतियोगिता में आयुष्मान, आदित्य, इताशा, सुमित वर्मा, तृप्ति आनंद, प्रत्यक्ष, आस्तिक, आरिना, नविका, दीपांश, माध्व, आरव नेगी, अरनव तिवारी,शिवालिक खत्राी, चित्रांशी शुक्ला, अभिरम्या, आदविक टंडन, साई, सक्षक, गुरमन, परिधि, विकास, वाशु अरोरा, स्वास्तिक, नंदनी, अक्षत जोशी, अदिति, वृंदा, गुरसिमरत, दिव्यम, अदिति मलेठा, दिव्या ठुकराल, गुरनूर कौर, आस्था आर्या, वंशिका, गुरसिमरन, चंद्रा मौली, आकृति, मनजोत आदि बच्चों ने अपनी गायकी का शानदार प्रदर्शन किया। फाईनल के लिए तीनों ग्रुपों से पांच-पांच प्रतिभागियों को चुना गया। सेमीफाईनल के विजेताओं में सीनियर ग्रुप से डीपीएस की वृंदा, एमेनिटी की अदिति मलेठा, गुरनूर कौर, आरएएन स्कूल की चन्द्रा मौली एवं आकृति जूनियर ग्रुप से जेपीएस के साईं, एमेनिटी की परिधि अग्रवाल, गुरूनानक स्कूल की अदिति, भारतीयम स्कूल से अभिरम्या, और डीपीएस स्कूल से गुरमन जबकि सब जूनियर ग्रुप से जेपीएस के आयुष्मान, स्टोन राइड स्कूल से तृप्ति आनंद, डीपीएस से आस्तिक, एमेनिटी से इताशा नैथानी और जेपीएस स्कूल से अराध्या को विजयी घोषित किया गया। सेमीफाईनल के विजेताओं के बीच खिताबी मुकाबला आज शाम को होगा। सेमीफाईनल राउण्ड में प्रतिभागियों ने जवानी जानेमन, मधुबन में राधिका नाचे, ओ सजना, तेरे जैसा यार कहा, ये समा समा है ये प्यार का, रस्मे उल्फत, फिर से उड़ चला, निगाहें मिलाने को.., हुस्न जाना की तारीफ, लिखने वाले ने लिख डाला, दिल की नजर से, जाने कहां गये वो दिन,जिंदगी की यही रीत है, साथी तेरे नाम, चिट्ठी आई है, एक अजनबी हसीना से, दिल में तुझे बिठाके, प्यार हुआ चुपके से, इन आंखों की मस्ती, आदि गीतों की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। प्रतियोगिता का संचालन मोहित बतरा ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रसिद्ध भजन गायक एवं टी-सीरीज कलाकार रितेश मनोचा ने निभाई । संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाईनल आज शाम को होगा। तीनों वर्गों से बैस्ट सिंगर चुने जायेंगे और उन्हें आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर उत्तरांचल दर्पण के सम्पादक प रमपाल सुखीजा, सुजाता नारंग, विशांत भसीन, जेपी अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शिव चावला, निखिल कुमार, करण चंडोक, रजनी बत्रा आदि शामिल थे।





## डीपीएस ने एमिनिटी और रुद्र लायंस ने छावनी क्रिकेट अकादमी को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले में चल रही अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के मुकाबले में डीपीएस अकैडमी रूद्रपुर में एमनिटी को 6 विकेट से हरायाडीपीएस के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और बल्लेबाजी करने के लिए एमीनिटी को आमंत्रित किया ।पहले बल्लेबाजी करते हुए एमेनिटी अकादमी की पूरी टीम 31 ओवर में 76 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें तंमय में 13 और अस्तित्व ने 12 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। डीपीएस अकादमी की तरफ से नीतीश पचौरी ने 3 सुरेश पवार और हिमांशु चौहान ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस अकादमी की टीम ने 4 विकेट पर 77 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जिसमें कप्तान नीतीश पचौरी ने 33 रनों का योगदान दिया। एनिमिटी की तरफ से वैभव और हर्षित एक-एक विकेट लिया । मैच डीपीएस अकादमी ने 6 विकेट से जीतकर दो अंक और प्राप्त लिए ।इस मैच के अंपायर मोनू और सत्येंद्र म ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई ।इस अवसर पर डीपीएस के कोच रितिक सिंह, सुनील यादव ,रणशेर सिंह ,डब्लू सिंह मोनू तिवारी वर्तमान खेल प्रेमी उपस्थित रहे।वही आज का दूसरा मैच जैन ग्लोबल स्कूल में रुद्र लॉन्च क्रिकेट अकादमी और छावनी क्रिकेट अकैडमी काशीपुर के मध्य खेला गया । छावनी क्रिकेट अकादमी ने पहले खेलते हुए 87 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें गौरांश ने 24 अनमोल शर्मा ने 12 रनों का योगदान दिया ।रुद्र लायंस अकादमी की तरफ से नैतिक भट्ट और अक्षत जोशी ने 3-3 विकेट लिए ।अंकित ने दो विकेट लिए ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूद्र लॉन्च की टीम ने 3 विकेट पर 88 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें कप्तान अक्षय जोशी ने 40 और दक्ष ने 13 रनों का योगदान दिया ।छावनी अकादमी की तरफ से अयाज और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए। इस मैच की अंपायर योगेश भट्ट और कार्तिक राय कार्तिक रहे। इस अवसर पर सुनील शर्मा बलवंत सिंह गौरव तिवारी आफताब आलम नवीन टम्टा सुधाकर जोशी उपस्थित रहे।





## भूमित्रम ने ओमेक्स में लगाए 151 पेड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गठन के मात्र एक महीने में ही टीम भूमित्रम ओमेक्स और मेट्रोपोलिस सोसाइटी के आसपास लगभग 600 पौधे लगा चुकी है । इसी वर्ष पर्यावरण दिवस पर अस्तित्व में आई भूमित्रम टीम धरा को हरा बनाने के उद्देश्य से काम कर रही है। ओमेक्स और मेट्रोपोलिस के आसपास के इलाकों को भरने के बाद इस सप्ताह इस टोली ने जंगल का रुख किया और जा पहुंची टांडा जंगल के नादिया धाम, जहां उन्होंने दुर्गम परिस्थितियों की परवाह न करते हुए 151 पेड़ लगाए । भूमित्रम टीम हर शनिवार को घूमकर पेड़ों के लिए जगह ढूंढती है और रविवार की सुबह ड्रिल मशीन, पौधे, खाद और पानी लेकर निकल पड़ते है धरा को हरा करने। इस रविवार का दिन काफी मेहनत भरा रहा जिसमे मात्र 6 सदस्यों ने 151 पेड़ लगाए । पौधारोपण में योगेश लांबा, अमित राठौर, मनमोहन पुरोहित, बाल कृष्ण भट्ट, विहान लांबा और गौरिका शांडिल्य ने भाग लिया ।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सड़क परियोजनाओं का विकास

आर्थिक विकास के लिए समुन्नत सड़कें आवश्यक हैं। इसलिए हर गांव, हर शहर को द्रुतगामी मार्गों से जोड़ने पर बल दिया जाता है। निस्संदेह पिछले कुछ वर्षों में सड़कों के विस्तार, उनकी बेहतरी और पहुंच बढ़ाने की दिशा में काफी काम हुआ है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सड़क गलियारों संबंध ी आठ नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत साढ़े पचास हजार करोड़ से ऊपर की लागत से करीब साढ़े नौ सौ किलोमोटर लंबे मार्ग बनाए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक परियोजनाएं उत्तर प्रदेश को मिली हैं, जिनमें कानपुर और अयोध्या में रिंग रोड बनाना शामिल है। इन गलियारों से विभिन्न राज्यों को जोड़ने वाले राजमार्गों के बीच पड़ने वाले शहरी अवरोधों को दूर कर द्रुतगामी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। निश्चय ही इन सड़कों के बनने से लंबी दूरी की यात्रा करने वालों और माल ढुलाई में काफी सुविधा होगी। वे शहरों के बीच भीड़ में फंस कर नाहक समय और पैसा बर्बाद करने से बच सकेंगे। औद्योगिक इकाइयों को कच्चा माल लाने और अपने उत्पाद दूसरी जगह भेजने में बहुत आसानी होगी। फिर, सड़कें बेहतर होंगी, तो औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार होगा और निवेश बढ़ने की उम्मीद भी जागेगी। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज जिस तरह औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ी हैं, अर्थव्यवस्था के मामले में भारत लगातार ऊपर के पायदान पर चढ़ता नजर आ रहा है, उसमें सड़कों का ढांचा मजबूत किए बिना आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। मगर यह सवाल भी जब-तब उठता रहता है कि आधारभूत ढांचे का अर्थ केवल चौड़ी और तेज रफ्तार सड़कें बना देना भर नहीं होता। उनमें सुरक्षा और अन्य सुविधाओं पर भी समान रूप से ध्यान देने की जरूरत होती है। फिर, जिस ढंग से शहरों का आकार बढ़ रहा है, गांवों से लोगों का शहरों की तरफ पलायन बढ़ रहा है, उसमें उनके बुनियादी ढांचे पर ध्यान कब दिया जाएगा। यह गंभीर सवाल लगातार उठता रहा है कि सड़कों के विस्तार में जो पर्यावरण और कृषि क्षेत्र की जरूरतों का ध्यान नहीं रखा जाता और उसकी वजह से खासकर पहाड़ों पर जैसी मुसीबतें आए दिन टूट पड़ती हैं, उन पर कब ध्यान दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में स्थानीय लोगों और पर्यावरण विशेषज्ञों के तमाम विरोधों के बावजूद द्रुतगामी मार्ग बनाए गए। उसमें तकनीकी तकाजों तक की परवाह नहीं की गई। अंधाधुंध पहाड़ों की कटाई की गई, जिसका नतीजा है कि वहां के ज्यादातर पहाड़ भंगुर हो गए हैं और सामान्य बरसात भी झेल नहीं पाते, धंस जाते हैं। सड़कों के निर्माण का विरोध नहीं किया जा सकता, मगर उनसे दूसरी बुनियादी सुविधाओं का नुकसान नहीं होना चाहिए। विकास परियोजनाओं के लिए पर्यावरण आदि विभागों से मंजूरी लेने की शर्तें लचीली कर दी गई हैं, जिसके कारण नाहक तोड़-फोड़ और प्रकृति संरक्षण की प्रतिबद्धता धूमिल हुई है। अनेक शहरों में सड़कों के विस्तार के लिए बहुत सारे लोगों के बसे-बसाए घर जमींदोज कर दिए गए, उन्हें अवैध करार दे दिया गया। फिर, सड़कों, पुलों आदि के निर्माण में जरूरी मानकों की भी परवाह अक्सर नहीं देखी जाती, जिसका नतीजा है कि निर्माण के दौरान ही या कुछ दिनों बाद उनके धंसने-टूटने की शिकायतें आनी शुरू हो जाती हैं। विकास परियोजनाओं में भ्रष्टाचार पर लगाम कसना तो एक बड़ा मुद्दा है ही। तरक्की के गलियारे बनाते समय बुनियादी सरोकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

# आपदा में फंसे श्रद्धालुओं के लिए लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

देहरादून (उद संवाददाता)। केदारनाथ मार्ग पर आपदा में फंसे श्रद्धालुओं के लिए पैनेसिया अस्पताल देहरादून ने लगाया हेल्थ चेकअप कैंप। बीते दिनों केदारनाथ क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने, बादल फटने एवं लैंडस्लाइड अस्पताल देहरादून ने इन क्षेत्रों में हेल्थ कैंप का आयोजन किया है। पैनेसिया अस्पताल द्वारा हेल्थ कैंप को तीन भागों में बांटा गया है जिसमें चौमासी, सोनप्रयाग एवं सिरसी का क्षेत्र शामिल है। हेल्थ कैंप में मुख्य रूप से जो लोग चेकअप करने आ रहे हैं उनमें चौमासी, सोनप्रयाग एवं सिरसी तीनों कैंप में लगभग 350 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाया और दवाइयां ली। पैनेसिया अस्पताल के एमडी रणवीर सिंह चौहान अपनी टीम के साथ चौमासी हेल्थ कैंप में आए हुए लोगों को दवा की मदद करना चाहते हैं उनके स्वास्थ्य का देख-देख के साथ-साथ हम उन्हें दवा वितरित भी कर रहे हैं ताकि वे अपने घर तक सुरक्षित पहुंचे। पैनेसिया अस्पताल की ओर से आयोजित इस कैंप में अस्पताल के डायरेक्टर शुभम चंदेल





की वजह से हजारों श्रद्धालु क्षेत्र में फंसे हुए थे। काफी मस्कत के बाद प्रशासन द्वारा लोगों को निकाला जा रहा है। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए पेनेशिया सांस लेने की समस्या, आपदा में चोट लगने की समस्या, सर दर्द, बुखार जैसे लक्षण मिले हैं। इस कैंप में आने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से नेपाल, बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब एवं दिल्ली जैसे राज्य के लोग शामिल है। वितरित कर रहे हैं। अस्पताल के एमडी रणबीर सिंह चौहान ने कहा कि ऐसी विपत्ति के घड़ी में हम सभी को एक साथ मिलकर उत्तराखंड में आए हुए श्रद्धालुओं को मदद करनी चाहिए। हमारे अस्पताल की ओर से जितना भी हो सके हम लोगों डॉक्टर.जे. बी, सामाजिक कार्यकर्ता दिवाकर गैरोला, चंद्रपाल सिंह नेगी, डॉक्टर मधुसूदन, डॉ प्रकाश एवं विकास रावत, नर्सिंग स्टाफ अरविन्द, सूरज, कांति, सुमित एवं शिवराज अस्पताल की ओर से मौजूद रहे।

# कोतवाल के खिलाफ शिकायत का पत्र चर्चाओं में

किच्छा (उद संवाददाता)। एक गुमनाम पत्र के कारण उत्तराखंड में किच्छा कोतवाली के चर्चा में आने के बाद आम जनता में जहां चर्चाओं का बाजार गर्म है वहीं किच्छा कोतवाल पर लगाए गए आरोपों के चलते शहर भी चर्चा है कि कोतवाल सुंदरम शर्मा की षड्यंत्र के तहत छवि धूमिल करने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। हालांकि डीजीपी को गुमनाम पत्र के माध्यम से की गई शिकायतों का पत्र संपूर्ण उत्तराखंड में वायरल हो चुका है। इस संबंध में अभी तक विभाग के आला अधिकारियों द्वारा कोई कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वायरल पत्र की जांच किए जाने संबधी में कोई कोई भी कार्यवाही किए जाने की जानकारी भी नही आई है। आखिर किस मनसा से पुलिस कर्मचारियों का नाम का इस्तेमाल करके गुमनाम पत्र के माध्यम से कोतवाल की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है यह जांच का विषय है। कोतवाली का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद ही आम जनमानस में अपने कार्य शैली से प्रभाव बनाने वाले सुंदरम शर्मा पर गुमनाम पत्र पर लगाए गए आरोपों से सहमत होते नजर नहीं आ रहे हैं आम नागरिकों का यह कहना है कि पत्र के माध्यम से कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के खिलाफ विभाग के लोगों के द्वारा षड्यंत्र रचा गया है। लोगों का यह भी कहना है कि सुरक्षा बलों की अपनी नियमावली होती है। लोगों का यह भी कहना है कि सुरक्षा बलों की अपने शिकायती केंद्र होते हैं जिन शिकायतों का समाधान किया जाता है किंतु वायरल पत्र से यह साबित हो रहा है कि यह कोतवाली प्रभारी सनम शर्मा की सभी को ढूंढने का प्रयास है।

# कोतवाल ने सुधारी किच्छा की व्यवस्थायें: अरोड़ा

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा द्वारा किच्छा कोतवाली प्रभारी के संबंध में वायरल पत्र पर कहा गया है कि कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा जब कोतवाली का कार्यभार संभाला गया है तब से नगर की यातायात व्यवस्था दुरस्त हुई है। चोरियां कम हुई है।किराएदारों का सत्यापन सहित सामाजिक जागरूकता नशा पूर्ण रूप से बंद करना, सोशल मीडिया से पूरे शहर को जोड़ना इत्यादि जरूरी कार्यों को संपादित किया गया है उन्होंने कहा कि समस्त कोतवाली प्रभारी कर्मचारियों के नाम से गुमनाम पत्र देकर जो कृत्य किया गया है वह उचित नहीं है, पुलिस में ऐसा नहीं होना चाहिए इससे समाज में विश्वास कम होता है यदि अधीनस्थ कर्मचारियों की कोई शिकायत होती भी है तो उसे उचित फॉर्म में शिकायत दर्ज करके समाधान किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि इस तरह की खबरों से सुरक्षा का दायित्व निभा रहे कर्मचारी में एकता की कमी दिखाई देती है तो जनता का क्या होगा हालांकि सबको अपनी बात रखने का अधिकार है किंतु इसके लिए उचित फॉर्म में अपनी मर्यादा को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही की जानी चाहिए।

# महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

सितारगंज (उद संवाददाता)। नगर में सावन के महीने में कलश यात्रा निकाली गई। जो मोनी बाबा मंदिर होते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई मोनी बाबा मंदिर पहुंची। जिसमें सैकड़ो पार्वती और भगवान भोलेनाथ की आराधना करता है उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान भोलेनाथ को पति के रुप मे पाने के लिए माता पार्वती ने कठोर अलावा सावन के सोमवार का व्रत रखने से कुंडली मे चन्द्रमा की स्थिति मजबूत होती है। इस मौके पर शिव कावर सेवा समिति के महंत आनंद बोरा, नितिन अरोरा, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर



महिलाओं ने कलश उठाकर पैदल चलकर भगवान भोले शंकर का गुणगान किया। सोमवार को नगर भगवान भोले बाबा की भक्ति में लीन हो गया। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा अर्चना से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जो भी माता तपस्या की थी। इसके फलस्वरूप महादेव ने माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप मे स्वीकार करने का वर दिया था। मान्यता है कि जो भी सावन के सोमवार मे भगवान भोलेनाथ की पूरी श्रद्धा के साथ पूजा करता है। उसे मनचाहा वर या वधू प्राप्त होता है। इसके दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, समाजसेवी महेश मित्तल, विनय गुप्ता, दीपक चौहान, प्रिंस रस्तोगी, नरेश ठाकुर, राधेश्याम रस्तोगी, प्रिंस गुप्ता, लक्की, खलेंद्र चौहान, महंत नितिन अरोरा, राजा वाल्मीकि, चंदपाल, सचिन आदि थे।

# दुर्गा पूजा के लिए कमेटी का गठन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के टैगोर नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार शाम को एक सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे शारदीय दुर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मिति से कमेटी का गठन सरकार, अजीत हालदार को कमेटी गठन की जिम्मेदारी सौपी गयी।उसके उपरान्त सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष- अशोक मण्डल, उपाध्यक्ष- चंद्रकान्त दास, सचिव- सुबल विश्वास, उपसचिव- रिपुसूदन मण्डल, विश्वजीत हालदार, सव्यासाची हालदार, असीम हीरा को जिम्मेदारी सौपी गयी।नव मनोनीत अध्यक्ष अशोक मण्डल ने अपने सम्बोधन में कहा की मै पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा। और कमेटी का



किया गया। सभा की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन सुनील विश्वास व समाजसेवी राम मित्र द्वारा की गयी। कमेटी चयन से पूर्व कमेटी गठन के लिए कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सुनील विश्वास, राम मित्र, अमल सरकार, सुनील मण्डल, कोपाध्यक्ष- नारायण विश्वास, अडिटर - किशोर रॉय, बाबू लाल विश्वास, संरक्षक - सुनील विश्वास, राम मित्र, अमल सरकार, सुनील सरकार, अजीत हालदार, बाबूराम हालदार, बाबू दास, रवि मजुमदार, तारक प्रयास रहेगा की पूजा और मेला को और भी भव्य रूप दिया जाये। इस वर्ष शारदीय दुर्गा पूजा केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से भव्य नव निर्मित दुर्गा मंदिर मे मूर्ति स्थापना कर हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया जायेगा।

# मासूम बच्चे सहित महिला लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अरविन्द नगर ट्रांजिट कैम्प निवासी एक महिला अपने पांच माह के मासूम बच्चे सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। शंकर दत्त सनवाल पुत्र गोविन्द बल्लभ सनवाल हाल निवासी अरविन्द नगर, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी ग्राम पथरौला थाना दनिया जिला अल्मोड़ा ने बताया कि 23 जुलाई को सांय करीब 5 बजे उसकी पत्नी श्रीमती भावना सनवाल उम्र लगभग 25 वर्ष अपने साथ 5 माह के बच्चे को लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। पत्नी की सभी सम्भावित जगह पर खोजबीन कर ली है।

# कारपेंटर ने की किशोरी से छेड़छाड़

हल्द्वानी। घर में कम के लिए आए कारपेंटर पर किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जवाहर ज्योति निवासी दीपक कुमार पुत्र हरीश राम ने काठगोदाम थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके घर पर चबल पुल के पास स्थित राशिद फर्नीचर वाले के यहां पर काम करने वाला अयान पुत्र शरीफ अहमद लकड़ी का काम करने के लिए आया था। आरोप है कि जब परिवार के लोग घर पर नहीं थे तभी उसने उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ कर दी।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए दस रोगी चिन्हित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर में सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू व प्रीति आर्या के प्रयासों से प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 82 लोगो के नेत्रों की जांच कर उन्हें नि:शुक दवाइयां दी गयी। इस दौरान



10 लोग ऑपरेशन के लिए चयनित हुए। साहू ने बताया सभी का कल रुद्रपुर प्रभु नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर प्रतीक सक्सेना, सना नाज, स्वीटी सरकार, शिवम शर्मा, मोहित मेहता, योगेन्द्र साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के जन्मदिन पर किया मिष्ठान वितरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मानते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर भाजयुमो पूर्व नगर उपाध्यक्ष व मेयर पद के प्रत्याशी दीपक सागर ने कहा कि श्री भट्ट के नेतृत्व में पार्टी ने हर चुनाव में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। अब आगामी निकाय चुनाव में भी भाजपा जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में प्रदेश निरंतर विकास की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। वही जनसमस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के साथ ही राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। पूर्व नगर उपाध्यक्ष कांति कोली ने कहा कि भाजपा ने दशकों पुरानी नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने का वायदा पूरा किया। युवा नेता सुशील कुमार व प्रदीप सागर ने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतर रही है। आम जनता का भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के नेता राजू राजोरिया, प्रदीप सागर, गोल्डी सागर, अमन सागर, संतोष दिवाकर व जितेंद्र सागर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एकपक्षीय कार्यवाही के खिलफ मंदिर में लगायी न्याय की गुहार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। छात्रों के दो संगठनों के बीच हुई मारपीट के मुद्दे में एकपक्षीय कार्रवाई और कार्रवाई में सत्ता पक्ष के दबाव के चलते छात्र संघ अध्यक्ष और एनएसयूआई संगठन के जिलाध्यक्ष सहित अन्य छात्रों पर पुलिस द्वारा एकपक्षीय कारवाई करने, और एनएसयूआई की शिकायतों को नजरअंदाज करने और सत्ता पक्ष के दबाव में उनके खिलाफ संगीन धराए लगाकर डकैतों और आतंकियों की तरह उन पर झूठे मुकदमे लगाकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई, साथ ही कोतवाली और अन्य स्थान में कार्यरत रहते हुए अवैध वसूली कर कमाई गई सम्प्पति की जांच करने, छात्रों द्वारा अभाविप और भाजपा के कार्यकर्ताओं के नाम पर दर्ज शिकायत पर आरोपियों पर मुकदमे करने की मांग को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का क्रमिक अनशन चौथे दिन जारी है। वही जिन छात्रों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर मुकदमे किए गए हैं उनके परिजनों ने न्याय का देवता माने



जाने वाले काल भैरव मंदिर और कोटगाड़ी स्थित माँ भगवती मंदिर में न्याय की मांग और जबरन छात्रों को लूटपाट का आरोपी बनाने वाले पुलिस कर्मी अधिकारी और आरोप लगाने वाले अभाविप और भाजपा नेताओं के खिलाफ न्याय करने की गुहार लगाई है।साथ ही एसपी कार्यालय गेट पर प्रदर्शन कर परिजनों ने जल्द मामले में न्याय नही दिलाने पर न्याय के लिए न्यायालय से भी न्याय की गुहार लगाई है,वही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण,पूर्व सांसद और विधायक प्रदीप टम्टा, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, कांगेस जिला महामंत्री और नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, महिलामोर्चा जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, पुर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, सुनील भंडारी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कोतवाल सहित उनके हमराह के खिलाफ उनकी सम्प्पति और अवैध रूप से कमाई कर कम समय मे ही कमाई गई सम्पत्ति की जांच और उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। वही पूर्व विधायक फर्श्वाण ने कहा कि जल्द विधानसभा सत्र में कांग्रेस मुद्दे को सदन में भी जोर शोर से उठाएगी और जबरन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई नही होने तक अपना आंदोलन जारी रखेगी।वही मामले में अब तक कोई समाधान नही निकलने के बाद प्रदेश स्तर पर कांग्रेस और एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन तेज होने की संभावना जताई जा रही है।वही जल्द विधानसभा में विपक्ष से उपनेता प्रतिपक्ष भुबन कापड़ी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,सहित पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के भी जिला मुख्यालय पहुंचकर चल रहे आंदोलन को समर्थन देने की चर्चाएं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से सुनाई दे रही है।इस दौरान कांग्रेस के क्रमिक अनशन में भूपेंद्र कुमार और दिव्यांशु कुमार क्रमिक अनशन में बैठे है। वही धरने में लगातार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, महामंत्री सहित पूर्व जिपं अध्यक्ष और शामा जिपं सदस्य हरीश ऐठानी,पूर्व विधायक ललित फश्र्वाण,राजेन्द्र टँगड़िया, गीता रावल,सहित अल्मोड़ा जिले के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में निर्मल रावत, पवन गैड़ा,विक्रम सिंह, भानु प्रताप,ललित सतवाल सहित, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, अंकुर उपाध्याय, संजय चन्याल,भीम कुमार, विनोद पाठक, लक्ष्मी धर्मशक्तू,सहित दर्जनों लोग और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खान अधिकारी व अमीन की रिपोर्ट से ग्रामीण रोषित

बागेश्वर(उद संवाददाता)।भीड़ी गांव में खनन पट्टाधारक और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद के बाद ग्रामीण अपने निजी भूमि में किसी प्रकार से कोई खनन गतिबिधि नही होने देने की मांग को लेकर अडिग है। गांव में खड़िया खनन का मामला लगातार विवादित



होता जा रहा है।वही ग्रामीण और पट्टाधारक लगातार अपने अपने दावे कर रहे हैं।पूर्व में पट्टाधारक के द्वारा खनन सामग्री ढुलान के लिए लगाई गई गरारी से कोई भी नुकसान होने की संभावना को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए थे वही पट्टाधारक पर मनमानी करने के आरोप लगाए थे।जिसके बाद खनन अधिकारी व अमीन गांव में पहुंचे, लेकिन उनके द्वारा दी गई रिपोर्ट से ग्रामीण खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव में पुराने रास्तों को नक्शे से हटाने का काम किया जा रहा है। गधेरों में खनन का मलबा डाले जाने से गांव के जलश्रोत नेअपना रुख बदल लिया है। विरोध में ग्रामीणाों ने किसी भी प्रकार से कोई भी खनन गांव के रास्ते नही करने देने को अडिग रहे, उन्होंने इसके विरोध में प्रदर्शन किया। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर हाईकोर्ट जाने की चेतावनी दी है। भीड़ी के ग्रामीण रविवार को खनन क्षेत्र में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में ग्रामीणों और पट्टाधारक के बीच खनन को लेकर विवाद चल रहा है।वही शनिवार को उनके गांव में खान अधिकारी वे सर्वेयर पहुंचे, लेकिन उन्होंने जो नक्शा उन्हें दिखाया उसमें कई खामियां हैं।ग्रामीणों ने पूर्व में स्कूल जाने के रास्तों को नक्शे से हटा दिया गया है।पट्टाधारक ने भीड़ी बमनभीड़ी के मध्य गधरे में 40 फिट मलबा डाल दिया है। इससे गधेरे का रुख उत्तर दिशा की ओर हो गया है। इससे गांव को खतरा हो गया है। अधिकारियों को जब ग्रामीणों ने पट्टाधारक को गरारी लागने तथा पौकलैंड जैसी मशन की अनुमति दिखाने को कहा तो उन्होंने अनुमति ऑफिस में दिखाने की बात कहकर टालमटोली शुरू कर दी। अधिकारियों के इस तरह के रवैये ग्रामीण नाराज हो गए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वह चुप नहीं बैठेंगे। इस तरह खनन को लेकर कहि भी कोई मिलीभगत कर किसी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ की गई तो वे नक्शे के आधार और उससे होने वाले सम्भावित नुकसान को लेकर किसी भी स्तर पर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे।इस मौके पर माधवानंद पांडे, शिव सिंह पिल्खवाल, नंदकिशोर पांडे, मोहन सिंह पिल्खवाल, पूरन सिंह, रमेश सिंह, गीता देवी, कमला देवी, मोहिनी देवी, भावना देवी, अंजू देवी, हीरा बल्लभ पांडे तथा महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# नरगोली-सिमायल से भडारीसेरा मोटर मार्ग का निर्माण शुरू

कांडा(उद संवाददाता)। बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले को जोड़ने वाली सड़क कमस्यारघाटी क्षेत्र नरगोली, चंतोला, सिमायल,ठांगा,औलानी, ढानण देवतोली तुषरेड़ा देवलेत बगराटी भंडारीगांव के साथ साथ बेरीनाग को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य स्थानीय विधायक द्वारा निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद भी अब तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है।इस सड़क का मिलान जब कांडा रावतसेरा बांसपटान सड़क में ज्यूड़ा/भयूं के समीप होगा तो क्षेत्रीय लोगों की सड़क मार्ग से12किमी की कम



दूरी तय करनी पड़ेगी।जिससे लोगों को सुविधा होगी।ग्राम प्रधान नरगोली दीपा पाठक पूर्व जिप सदस्य शंकर राम पूर्व क्षेत्र पंचायत पुष्पा देवी पूर्व प्रधान अनिल रौतेला शंकर राम बसंत बल्लभ पंत हरीश पंत माधवानंद पंत हरीश राम लालू राम पुष्पेश सहित सभी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य समय से पूर्ण नही होने पर सवालिया निशान उठाए हैं।वही जल्द सड़क निर्माण पूरा नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां सहायक अभियंता ओम प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि उक्त सड़क में दो गांवों का गतिरोध होने से सड़क के अलाईमेंट को लेकर बना हुआ विवाद सुलझा लिया गया है। वन विभाग से पेड़ों का छपान कटान कार्य पूरा होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वही वन विभाग धरमघर रेंज के रेंजर प्रदीप कांडपाल ने बताया कि ग्रामीणों के गतिरोध के कारण सड़क का अलाईमेंट तय नहीं हो रहा था, अब ग्रामीणों से लिखित ले लिया गया है भारत सरकार के द्वारा पूर्व में तय की गयी अलाईमेंट में ही अब सहमति बनी हुई है इसी पर पेड़ कटान करने के लिए वन निगम को आदेश पत्र जारी कर दिया गया है जल्दी वो कटान करेंगे। वहीं कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया का कहना है कुछ दिन पूर्व कपकोट स्थित कार्यालय में वन भूमि से लंबित सड़कों के निस्तारण को वन विभाग, कार्यदाई संस्थाओं, ठेकेदार के साथ बैठक बुलाई गई थी जिसमें इस सड़क निर्माण से सम्बंधित सभी आपत्तियों को सुलझा लिया गया था। कार्य को शुरू करने के निर्देश विभाग को दिए थे।विभाग को जल्द सड़क निर्माण करने, लेटलतीफी बर्दाश्त नही होने की चेतावनी दी गई है।ग्रामीणों को सड़क निर्माण में धैर्य बनाए रखने की अपील की हैं अबिलमृब निर्माण कार्य शुरू होगा।

## पेज एक का शेष...

**चिनूक और एमआई...** धामी स्वयं रेस्क्यू एवं सर्च अभियान के पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि मौसम साफ होने के साथ ही केदार घाटी में आज केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए एमआई 17 और चिनूक के माध्यम से रेस्क्यू फिर से शुरू हो चुका है, स्वयं भी लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहा हूं। सोमवार सुबह 100 लोगों को सुरक्षा बलों की देखरेख में श्री केदारनाथ धाम से लिनचोली हेलीपैड के लिए रवाना कर दिया गया है। इन यात्रियों को लिनचोली से एयर लिफ्ट कर शेरसी हैलीपैड पर उतारा जाएगा। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीमें जंगल एव मंदाकिनी नदी के आसपास भी लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं।

**सहकारी समिति...** हरीश जोशी, पंकज अरोरा, रमन चौधरी, सुरेन्द्र पाल सिंह, शुभम चौधरी, रमेश जोशी, दलजीत सिंह, बसंत सिंह, सुरेश अरोरा, पंकज कश्यप, रवि सागर, दिनेश यादव, चेतन बमेठा, ऋषभ शर्मा, अनिल भास्कर, वसीम खान, हिमांशु रावत, गुरप्रीत सिंह, बलवंत रावत , दीपक अरोरा, केतन गगनेजा, कुलविन्दर सिंह, जावेद आलम, तसवीर हुसैन, सचिन कुमार, सुरेश ममगाई, अतुल सिंह, सरबजीत सिंह, पुष्कर पंत, अंकित सक्सेना,राजकुमार शर्मा, शीतल पासवान, रश्मि चौधरी, रेखा राठी, सविता, पूनम बिष्ट, दिव्या आयलानी, मोनिका तिवारी, व दिव्य सेहरावत सहित जनपद ऊधमसिंह नगर व नैनीताल से आये सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान धरना स्थल पर जिला सहकारिता निबंधक सुमन कुमार, अपर जिला सहकारिता अधिकारी विकास शर्मा व नवल शर्मा ने कर्मचारियों को बताया कि उनकी मांगों को मान लिया गया है इसलिए धरना प्रदर्शन समाप्त कर दें। जिस पर यूनियन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें लिखित रूप में पत्र सोंपें कि सभी मांगे मान ली गई है। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी थी।

**कोचिंग सेंटर हादसे...** किया। बता दें कि राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से तीन पै अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी। उधर राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग संस्थानों के बाहर छात्रों का प्रदर्शन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। छात्रों ने कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने से यूपीएससी के तीन उम्मीदवारों की दुखद मौत के लिए सरकार और राव के आईएएस स्टडी सर्किल से मुआवजे की मांग की।

**अगवा बहनों की...** है इन पर भी शक है। इनमें से एक लड़का सोमिन ने एक पुत्री को नया सिम दिया था और सोभित दूसरी पुत्री से बात करता था। उमेश ने कहा कि उसे भय है कि उपरोक्त लोग उसकी पुत्रियों के साथ में कोई अप्रिय घटिना घटित कर सकते है। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस दोनों बहनों की तलाश में जुटी हुई है। इसके लिए आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम दबिश भी दे रही है। दोनों बहनों को बरामद कर लिया जाएगा इसमें परिवारजनों का सहयोग भी अपेक्षित है। प्रदर्शन करने वालों में उमेश चंद्र, मयंक, सुलतान सिंह, जोगेंद्र सिंह, सुदेश दास गुप्ता, शुभम पाल, यश चौहान, मनीष कश्यप, राकेश कश्यप, सतीश दिवाकर, रमेश पाल, चंदन सिंह, नन्हे चौहान, अजय अग्रवाल, वीरेंद्र यादव, समर्थ मिश्रा, सुधीर देवल आदि शामिल थे।

**जल निकासी के ..** साथ ही तमाम तरह की दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। जिसके देखते हुए प्रशासन ने बीते दिनों जलभराव से निपटने के लिए कवायद शुरू करते हुए बंद पड़े नाले को खोलने का काम शुरू किया था। अग्रसेन चौक के पास से डीडी चौक होते हुए कल्याणी नदी तक नाले को खोलने के लिए किये जा रहे कार्यों का सोमवार को एसडीएम मनीष बिष्ट, एनएचएआई के परियोजना निदेशक विकास मित्तल, नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सहित लोनिवि के अधिकारियों की टीम ने भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि नाले का पुननिर्माण होने से शहरवासियों को जलभराव से निजात मिलेगी। वहीं अधिकारियों ने निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने कहा कि निर्माण में मानकों का ध्यान रखने के साथ साथ भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जाये। इस दौरान चौराहे से नाले को आर पार खोलने के लिए तकनीकी दिक्कतों पर भी विचार किया गया।

**एनएसयूआई और युवा...** फर्जी मुकदमे दर्ज का उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों छात्र नेता महाविद्यालय में दूसरे संगठन द्वारा की जा रही गतिविधियों का विरोध कर रहे थे तथा महाविद्यालय में किस प्रकार के क्रियाकलापों का भी उनके द्वारा विरोध किया जा रहा था। उनका आरोप है कि बागेश्वर प्रशासन द्वारा सरकार के द्वारा में आकर छात्रों का उत्पीड़न करने के साथ ही उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया गया जिससे छात्रों में सरकार और बागेश्वर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार और बागेश्वर प्रशासन दोनों छात्र नेताओं को शीघ्र बिना शर्त रिहा करें। मांग पूरी न होने पर उन्होंने पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**गंदे पानी की ...** करते हुए कहा कि वह इस समस्या का शीघ्र समाधान करायेंगे। घेराव करने वालों में मनोज छावड़ा, संदीप राव, जाहिद, गुलफाम, डा. हबीब , खालिद, तसलीम, सुख्खन, अतीक,हिना, अमीरबानो, शिखा राय, रामकली, रूखसाना, हसीन जहां, शहाना आदि शामिल थे। **हजारों की नगदी...** लाइन नंबर 4 थाना बनभूलपुरा, संजय राय पुत्र डीसी राय निवासी मित्र कॉलोनी देवालचौड और अरविंद कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी शक्ति विहार गौजाजाली शामिल हैं। उनके पास से 9520 रूपए की नगदी भी बरामद हुई है। सभी पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ गैंबलिग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# परीक्षा केंद्र में दूसरे की जगह पहुंचा युवक पकड़ा

देहरादून। सीबीएसई द्वारा आयोजित जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर की परीक्षा में दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने पहुंचे युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। क्लेमेंटाउन स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक उपस्थित से मिलान न होने पर आरोपी पकड़ में आया है।बता दें तीन जुलाई को सीबीएसई द्वारा जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर की परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के लिए क्लेमेंटाउन क्षेत्र में बनाए गये परीक्षा केन्द्र आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही परीक्षा के दौरान एक अभ्यर्थी रिंकू पुत्र विनोद के स्थान पर एक अन्य व्यक्ति संदीप कुमार पुत्र विजेंद्र निवासी सोनीपत हरियाणा परीक्षा देते हुए पकड़ा गया।बता दें आरोपी संदीप कुमार बायोमेट्रिक उपस्थित से मिलान न होने पर पकड में आया। आरोपी के खिलाफ आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर तत्काल थाना क्लेमेंटाउन में आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम राकेश मुंजाल था जो वर्तमान में राकेश कुमार हो गया है। अत: भविष्य में मुझे राकेश कुमार के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**राकेश कुमार पुत्र श्री बलदेव राज निवासी-ई -30, फेस नं. -1 अलाइएन्स कालोनी, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम हरप्रीत सिंह सुगन्ध से बदलकर हरप्रीत सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे हरप्रीत सिंह के नामसे जाना व पहचाना जाए।

हरप्रीत सिंह पुत्र श्री त्रिलोचन सिंह, निवासी- सीपी-10, आवास विकास, वार्ड नं-38, रुद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नजूल भूमि पर स्टांप शुल्क माफ करने की मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से देर रात हल्द्वानी पहुंचकर मुलाकात कर नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए उक्त भूमि पर स्टांप ड्यूटी माफ करने के लिए ज्ञापन सौंपा। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद रूद्रपुरवासियों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक की सौगात मिली है। सरकार ने गरीबों को नि:शुल्क मालिकाना हक देकर ऐतिहासिक काम किया है। यह सब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गरीब के कल्याण की सोच की बदौलत ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। नजूल भूमि पर मालिकाना हक इसका प्रमाण है। रामपाल सिंह ने कहा कि दशकों पुरानी नजूल भूमि पर मालिकाना हक की मांग को लेकर उन्होंने पांच वर्ष के कार्यकाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। धामी सरकार ने जो तोहफा दिया है निश्चत ही इसका ऋण शहर की जनता आगामी निकाय चुनाव में वोट के रूप में चुकायेगी। उन्होंने बताया कि 50 वर्ग मीटर भूमि पर निशुल्क मालिकाना हक देने की रजिस्ट्री प्रक्रिया करवाने में गरीब लोगों को स्टांप ड्यूटी के रूप में अत्यधिक खर्च आ रहा है जिसे माफ करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह मौजूद रहे।



# व्यापार मण्डल के शंकर अध्यक्ष, सचिन महामंत्री बने

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल चक्कीमोड़ के शंकर कुनियाल अध्यक्ष व सचिन राणा महामंत्री सर्वसहमति से चुने गए। सोमवार को दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में वरिष्ठ व्यापारी नेता शंकर सिंह नगरकोटी की अध्यक्षता में बैठक की गई। सर्वप्रथम निवर्तमान अध्यक्ष डॉ जसपाल डोगरा ने अपने कार्यकाल में हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पुरानी कमेटी भंगकर नई चुनाव कमेटी के लिए संरक्षक कैलाश शर्मा, डॉ जसपाल राजपूत, गोविंद सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह पवार, हरीश देवराड़ी, राजेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। एडवोकेट राजेंद्र सिंह जलाल उपाध्यक्ष, सुरजीत सिंह संधू सचिव व कमल खाती कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम का संचालन महेश बुधैरी ने किया। सदस्यों में योगेश पानू, कबीर राजपूत, दिनेश नयाल, दान सिंह बड़ती, तारा सिंह पानू, गोवर्धन आर्या, प्रकाश कोश्यारी, पप्पू राजपूत, वीरेंदर आर्या, दीपू बिष्ट, महेशानंद जोशी, हरीश खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, ललित खोलिया, मक्खन राजपूत, इस्तकार अली, गुलशन कुमार आदि सदस्य चुने गए।



# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया स्तनपान दिवस

रूद्रपुर। कार्यकत्री शकुंतला के आंगनबाड़ी केंद्र में विश्व स्तन पान दिवस मनाया गया। इस मौके पर खेड़ा सेक्टर की सुपरवाइजर रीता ने गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्तनपान को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कम से कम 6 माह तक बच्चों को स्तनपान अवश्य करना चाहिए। जन्म के बाद बच्चों के लिए मां का दूध



अमृत के समान होता है जो बच्चों को बीमारियों से लड़ने की ताकत प्रदान करता है। साथ ही बच्चों में कुपोषण दूर करने में सहायक होता है। इस दौरान सहायिका मंजू कांडपाल, सविता, राधा, ज्योति, निशा, नाजरीन, रेशमा आदि लोग शामिल हुए।

# अगस्त क्रांति दिवस कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा

लालपुर(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने नारायणपुर में आयोजित एक बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी 9 अगस्त को धूमधाम से मनाए जाने वाले अगस्त क्रांति दिवस की तैयारियों के बारे में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। इस कार्यक्रम को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। राजेश शुक्ला ने बताया कि अगस्त क्रांति दिवस देश की स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है और इसे मनाने का उद्देश्य आज की पीढ़ी को देशभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के योगदान से अवगत कराना है। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक दिवस को यादगार बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के तहत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शहीदों को श्रद्धांजलि, और विभिन्न वक्ताओं के विचार शामिल होंगे। इस अवसर पर सभी सेनानी परिवार एवं स्थानीय नागरिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि वे इस ऐतिहासिक दिवस की महत्ता को समझ सकें और उसका हिस्सा बन सकें। पूर्व विधायक ने सभी से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। बैठक में मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, मनमोहन सक्सेना, अनिल यादव, महामंत्री शशिकांत मिश्रा, सुशील यादव, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, किसान नेता नारायण पाठक, अखिलेश यादव, आत्मा परियोजना अध्यक्ष रविकांत वर्मा, मयंक तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुज पाठक, सैयद इफ्तार मियां, राज गगनेजा, नरेंद्र ठुकराल, हरविंदर चुग, रमेश पाठक, अमित मदन, भारत मिश्रा, आशीष शुक्ला, आदेश मिश्रा, आलोक मिश्रा, सुरेश शाही, अमर खान ,अमित कश्यप, खेमकरण कश्यप, सोनू मिश्रा, दलजीत सिंह, अंकित पाठक, अभिजीत पाठक, विपिन मिश्रा, मोहित मिश्रा समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# महेन्द्र भट्ट के जन्म दिन पर मरीजों को बांटे फल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा के सांसद महेंद्र भट्ट के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं चंपावत के जिला प्रभारी विकास शर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के दीर्घायु होने की कामना की और मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की। इस दौरान मरीजों से उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल भी जाना गया तथा उन्हें मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली गई। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है इसलिए आज उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल के अंदर मरीज को फलों का वितरण किया है और उनकी दीर्घ आयु की कामना की। इस दौरान अपनी निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल चौहान ,जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, जितेंद्र संधू, राजेश जग्गा ,संदीप बाजवा, राजीव सक्सेना, राजेश पांडे, शंकर मिश्रा, जयंत सिंह आदि लोग मौजूद थे।





# समाजसेवी नूर हसन ने वार्ड नंबर 9 से ठोकी दावेदारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। वादा नहीं विकास होगा के नारे के साथ वार्ड नंबर 9 से सभासद पद के लिए समाजसेवी नूर हसन ने दावेदारी ठोकी है। नूर हसन ने सभासद पद हेतु चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि वह लंबे समय से समाजसेवा करते चले आ रहे हैं पूर्व सभासदों की अनदेखी और अपने कामों में व्यस्त रहने के कारण वार्ड 9 का विकास की दौड़ से बहुत पिछड़ गया है। वार्ड वासियों के आग्रह पर वह चुनाव मैदान में सभासद पद हेतु पूरी मजबूती के साथ उतर गए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी पूर्व में इस वार्ड से सभासद चुना गया वह अपना आर्थिक विकास करने में लग गया। अब जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और जनता परिवर्तन करके ही दम लेगी। नूर हसन ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता वार्ड 9 में बुनियादी सुविधाएं देना है जनता को सुविधाएं मुहैया कराना हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है।



